Dr. Udayabanu and Mr. Chandra Pal Gautam Visited DAV Public School, Sunder Nagar, Himachal Pradesh on 15th October 2022

Dr. Udayabanu and Mr. Chandra Pal Gautam Visited DAV Public School, Sunder Nagar, Himachal Pradesh on 15th October 2022. Cluster level DAV National sports tournament in Cricket and Chess was conducted at DAV Public School, Sunder Nagar, Himachal Pradesh on 15th October 2022. Nearly 200 Participants from 15 DAV Public Schools of the vicinity took part in the event. Honourable Vice Chancellor, Jaypee University of Information Technology provided sponsorship of Rs. 20,000/- for the conduct of the same.

डीएवी में क्लस्टर स्तरीय क्रिकेट शतरंज प्रतियोगिता का आगाज

स्टाफ रिपोर्टर – सुंदरनगर

बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए डीएवी संस्था विभिन्न स्तरों पर समय-समय पर खेलों का आयोजन करवाती है। डीएवी कालेज मैनेजमेंट कमेटी नई दिल्ली द्वारा आयोजित स्कूल खेल महासंघ से संवद्धता प्राप्त डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत डीएवी विद्यालय सुंदरनगर में दो दिवसीय क्लस्टर संकुल स्तरीय अंडर-19 क्रिकेट एवं शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में 12 डीएवी विद्यालय के लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें क्रमशः डीएवी सुंदरनगर, मंडी, ग्रयोह, मनाली, नेरचौक, गोहर, जोगिंद्रनगर, कुल्लू, एसीसी बरमाणा, आवासीय शाखा बरमाणा, बिलासपुर, घुमारवीं शामिल हैं। प्रतियोगिता का आगाज़ मुख्यातिथि एवं पर्यवेक्षक संजय ठाकुर प्रधानाचार्य डीएवी जोगिंद्रनगर और चंद्रेश्वर शर्मा प्रधानाचार्य डीएवी गोहर के आशीर्वचनों के साथ हुआ। तत्पश्चात डीएवी विद्यालय सुंदरनगर के प्रधानाचार्य मोहित चुघ ने मुख्यातिथियों, पर्यवेक्षकों एवं जेपी विश्वविद्यालय वाकनाघाट से आए हुए सह प्रध्यापकों उदय भानू और चंद्रपाल गौतम को हिमाचली टोपी, स्मृति चिह्न एवं पौधा भेंट करके उनका स्वागत किया और जेपी विश्वविद्यालय के उपकुलपति के सहयोग हेतु उनका आभार व्यक्त किया। खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ डीएवी गान से किया गया। शतरंज की प्रतियोगिता विद्यालय परिसर में हो रही है। शह और मात की खेल प्रतियोगिता जिला मंडी शतरंज संघ के पदाधिकारी हंसराज ठाकुर, संयुक्त सचिव राजकुमार शर्मा, चीफ आर्बिटर एवं संयुक्त सचिव प्रांजलि शर्मा, नेशनल आर्बिटर जतिन, नेशनल इंस्ट्रक्टर और अरविंद नेशनल इंस्ट्रक्टर के निरीक्षण में हो रही है। क्रिकेट के मैच महाराजा लक्ष्मण सेन्न महाविद्यालय के मैदान में हो रहे हैं। क्रिकेट प्रतियोगिता में अम्पायर के रूप में राज्य स्तरीय खिलाड़ी लक्षित, तुषार और स्कोरर के रूप में गौरव मौजूद रहे। मुख्यातिथि एवं पर्यवेक्षकों ने बच्चों को खेलों में उत्कृष्ट एवं अनुशासित प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया। सभी प्रतिभागी उत्साहपूर्वक खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 16 अक्तूबर 2022 तक चलेगी।